दिन– गुरूवार दिनांक– 07/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने जैव विविधता से आगे बढ़कर जैव–खुशी की दूरदर्शी अवधारणा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भी उनके विचार देश के कृषि क्षेत्र में दिखाई देते हैं।

---

चुनाव आयोग ने उप राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए अधिसूचना आज जारी कर दी। इसके अनुसार इक्कीस अगस्त तक इच्छुक उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को होगी। जबकि नाम वापसी की आखरी तारीख पच्चीस अगस्त निर्धारित की गयी है। नौ सितम्बर को चुनाव होगा। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने के कारण यह पद खाली हो गया है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी समारोह में शामिल होंगे। एक सौ पच्चीस करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मंदिर का निर्माण कार्य दो हजार अट्ठाईस तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर परिसर के विकास के लिए पचास एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने मंदिर और परिसर के विकास के लिए आठ सौ बयासी करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है। इस दौरान श्री शाह सीतामढ़ी–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ भी

करेंगे। इस बीच, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने पुनौरा धाम रेलवे स्टेशन बनाने के लिए रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग को अन्तर जिला स्थानान्तरण के इच्छुक शिक्षकों से तीन जिलों का विकल्प प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि विकल्प प्राप्त होने के बाद शिक्षकों का उन्हीं जिलों में पदस्थापन किया जाएगा। जिलों के अंदर पदस्थापन का कार्य जिला पदाधिकारी की समिति करेगी। गौरतलब है कि हाल के शिक्षक स्थानांतरण की प्रक्रिया से असंतुष्ट शिक्षकों का एक बड़ा वर्ग लंबे समय से इसकी मांग कर रहा था।

———————————————————————————

मानूसन की सक्रियता के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर समेत प्रदेश के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका जताई है। वहीं, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, किशनगंज, गोपालगंज और गयाजी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

———————————————————————————

पड़ोसी राज्यों के साथ ही राज्य के विभिन्न भागों में बारिश के कारण गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती समेत सभी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी बक्सर, पटना, मुंगेर और भागलपुर में विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में लाल निशान से एक मीटर और पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में आधा मीटर ऊपर बह रही है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान को पार कर गया है। वहीं, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, बागमती नदी सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर

के बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इधर, कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से एक मीटर ऊपर बह रही है।

———————————————————————————

पटना स्थित बिहार संग्रहालय आज अपना दसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर बिहार की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए बिहार म्यूजियम बिएनाले के तीसरे संस्करण की आज से शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बिएनाले का उद्घाटन करेंगे। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि इस वर्ष म्यूजियम बिएनाले की थीम– ग्लोबल साउथ है। जिसमें एशिया, अफ्रिका और लैटिन अमरिकी देशों के म्यूजियम प्रतिनिधि इसमें शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————————

समाप्त